# सक्सेस मिरर

## सफलता का कैंप्सूल

वर्ष : 10
अंक : 109
फरवरी : 2019

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


8 | नवसृजन हो; पुरातन का आदर हो

9 | समसामयिकी घटना संग्रह

10 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 | आर्थिक घटना संग्रह
- फोर्ब्स की सर्वाधिक कमाई करने वाले 100 सितारों की सूची
- जीएसटी के बाद सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों में क्रेडिट वितरण में पाँच गुना वृद्धि
- दूसरी तिमाही में चालू खाता घाटा में 2·9% तक वृद्धि

23 | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- वैश्विक कृषि और खाद्य सम्मेलन, 2018
- रीजनल सेरीकल्चर रिसर्च स्टेशन
- 70वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि
- अरुणाचल प्रदेश का 24वाँ जिला लेपा राडा
- लोकसभा में ट्रांसजेंडर विधेयक ध्वनि मत से पारित

27 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह





- भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा
- 2019 हज यात्रा हेतु भारत और सऊदी अरब में समझौता
- भारत चौथा सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन कर्ता देश
- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2019

31 | खेल खिलाड़ी
- आईसीसी के साथ रॉयल स्टैग का अनुबंध
- पुणे में आयोजित होंगे खेलो इंडिया यूथ खेल
- आईपीएल सत्र, 2019 के खिलाड़ियों की नीलामी
- एशियन क्रिकेट काउंसिल इमर्जिंग टीम्स एशिया कप, 2018
- आईटीएफ विश्व चैम्पियंस, 2018
- पुरुष हॉकी विश्व कप, 2018

35 | अनुप्रेरक युवा प्रतिभा

36 | विज्ञान समाचार

38 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह

### लेख

41 | **राजभाषा लेख**—भारतीय संविधान में भाषा सम्बन्धी उपबंध एवं राजभाषा हिन्दी

43 | **कृषि लेख**—अन्नदाता की आय सुरक्षित करने की सार्थक पहल

44 | **सामयिक लेख**—13वाँ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन-2018 : भारत एवं पूर्वी एशियाई देशों का सर्वांगीण विकास एवं कारोबारी व्यापार के क्षेत्र में बढ़ते कदमों का परिदृश्य

66 | **विविध तथ्य**—"संघीय कार्यपालिका"

68 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

69 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-106 का परिणाम**

70 | **नवीनतम राजस्थान, छत्तीसगढ़ मंत्रिमण्डल**

72 | **रोजगार अवसर**

74 | **समसामयिक घटनाएं (जुलाई 2018 से दिसम्बर 2018 तक)**

### हल प्रश्न-पत्र

45 | **उत्तर प्रदेश पुलिस/पी.ए.सी. कॉंस्टेबिल भर्ती परीक्षा, 2018**

**आर.बी.आई. असिस्टेंट (प्रा.) परीक्षा, 2016**

55 | **तर्कशक्ति**

58 | **संख्यात्मक अभियोग्यता**

62 | **English Language**

65 | **वस्तुनिष्ठ प्रश्न—उत्तराखण्ड सामान्य ज्ञान**



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे—इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



- **सम्पादक** : महेन्द्र जैन
- **रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- **सम्पादकीय ऑफिस**
  1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
  आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन– 4053333, 2531101, 2530966
  फैक्स– (0562) 4053330
  ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
  कस्टमर केयर: care@pdgroup.in
- **दिल्ली ऑफिस**
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
  नई दिल्ली–110 002
  फोन– 011-23251844, 43259035
- **पटना ऑफिस**
  पारस भवन (प्रथम तल),
  खजांची रोड,
  पटना– 800 004
  फोन– 0612-2303340
  मो– 09334137572
- **कोलकाता ऑफिस**
  H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
  कोलकाता– 700 003 (W.B.)
  फोन– 033-25551510
- **हैदराबाद ऑफिस**
  16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
  आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
  (आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
  (तेलंगाना) फोन– 040-24557283
- **हल्द्वानी ऑफिस**
  8-310/1, ए. के. हाउस
  हीरानगर, हल्द्वानी,
  जिला–नैनीताल– 263 139
  (उत्तराखण्ड)
  मो– 07060421008
- **इन्दौर**
  30-31, जिन्सी हाट मैदान,
  बाबा रामदेव मंदिर के निकट
  मलहारगंज
  इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
  फोन– 9203908088
- **लखनऊ ऑफिस**
  B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
  टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
  लखनऊ– 226 004
  फोन– 0522-4109080
  मो– 09760181118
- **नागपुर ऑफिस**
  1461, जूनी शुक्रवारी,
  सक्करदरा रोड, हनुमान
  मन्दिर के सामने,
  नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
  मो– 09370877776



# नवसृजन हो; पुरातन का आदर हो

—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

> *Nothing is more disgraceful than for a man who is nothing, to hold himself honored on account of his forefathers; and yet hereditary honors are a noble and splendid treasure to descendants.*
>
> ***—Plato***

ध्यान नवसृजन पर हो, पुरातन का आदर करो किन्तु उसी में खो मत जाओ. अपनी ऊर्जा मात्र इतिहास के संरक्षण व उसके यशोगान में ही मत लगाओ. भारत क्या था ? यह जानो किन्तु भारत क्या हो सकता है इस पर ध्यान लगाओ. हमारी प्राचीन परम्पराएं चाहे कितनी भी समृद्ध और सुसंस्कृत क्यों न रही हों, हमारा अद्यतन युग ही हमें जीने का माहौल देता है, अतः इसे सुधारो. अक्सर लोग अपनी चर्चा वार्ता का मुद्दा व बड़े-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन ऐतिहासिक घटनाक्रम अथवा महापुरुष के यशोगान का रखते हैं. देश भर में इतिहास को जानने वालों का बड़ा आदर होता है. यहाँ तक कि लोग अपने पूर्वजों का नाम भुलाकर अपना जीविकोपार्जन भी कर लिया करते हैं. अपनी वंशावली व विरुदावली गा-गाकर कितनों को प्रभावित व आकर्षित करने में जुटे रहते हैं. कुछ लोगों ने इसी को पेशा बना रखा है, तो कुछ लोगों ने इसी को धर्म और आराधना समझ रखा है. कथा-पुराण व इतिहास चाहे जितनी बार गा ली जाए. हकीकत की भूख तो वर्तमान को जीने की कला सीखने से ही मिटेगी. लोग आदर्शों के नाम पर न जाने कितना समय, श्रम व ऊर्जा जाया कर लेते हैं किन्तु वर्तमान को उपेक्षित ही छोड़ देते हैं.

आपके कुल-खानदान की परम्पराएं अगर आज के युवा वर्ग को समाधानित, सृजनात्मक व प्रेरणादायी नहीं रही हैं, तो उनको आदर के साथ ऊँचे आसन पर बिठाकर छोड़ दो और युगीन चिंतन को सृजनात्मक मोड़ दो.

यह अच्छी बात नहीं कि हम पुरातन की दुहाइयाँ देते जाएं और नवीनता में खोट-कमियाँ गिनाते जाएं. हर युग में हालात बदलते हैं, समस्याएं भी, तो फिर हम समाधानों को लाल रंगों से लिपटे ग्रंथों में, लाल किताब में या ग्रंथागारों में बंद पड़े ग्रंथों में ही क्यूं ढूंढते फिरते हैं, हमें अपनी सृजनात्मकता को, अपनी प्रज्ञा को, अपनी आन्तरिक जीवटता को पुरातन की पहचान की मोहर का इंतजार किए बिना प्रगट होने देना चाहिए.